विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2023/530 दिनांक : 9/2/23

–:: संशोधित अधिसूचना ::–

विक्रम विश्वविद्यालय की सत्र 2021–2022 की वार्षिक पद्वति से विश्वविद्यालयीन स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के बी.ए, बी.कॉम, बी.एससी.के नियमित/स्वाध्यायी एवं बी.एच.एससी, बी.कॉम आनर्स, बी.बी.ए.एवं बी.सी.ए. के विद्यार्थियों की वार्षिक प्रणाली की पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं में एम.पी.ऑनलॉइन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियॉ घोषित की जाती है:–

(ऑफ लाइन के माध्यम से किसी भी प्रकार परीक्षा आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे)

(1) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

07फरवरी, 2023 से 11 फरवरी, 2023 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

12 फरवरी, 2023 से 13 फरवरी, 2023 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"14 फरवरी, 2023 से प्रत्येक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व तक"

नोट :– विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना/अनुचित साधन प्रयोग (यूएफएम) के परिणाम में प्रभावित हुए छात्रों के लिये परिणम घोषित दिनांक से पांच दिवस के लिये लिंक बिना विलम्ब शुल्क के खोली जावेगी। पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना/अनुचित साधन प्रयोग (यूएफएम) के परिणाम गोपनीय विभाग द्वारा ऑनलाइन सेल को सूची शीघ्र उपलब्ध करायें। ताकि प्रभावित छात्र आवेदन कर सके।

1) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि, प्रत्येक घोषित तिथि समाप्त होने के 02 दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन–पत्र मय नामिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

2) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र संग्रहित करेगा। इस राशि में से विश्वविद्यालय का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

3) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 250/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 200/– संबंधित महाविद्यालय में जमा करेगें।

4) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन–पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिवस पूर्व विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/– (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

for परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक / परीक्षा / 2023 / 531

दिनांक : 9/2/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक / विभागाध्यक्ष संबंधित संस्थान / उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान / अध्ययनशाला के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक / मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय / पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा / गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक / प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)